भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर
माखुपुरा औद्योगिक क्षेत्र
Email : ro.ajmer@ibm.gov.in

Government of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
Regional Office, Ajmer
Makhupura Industrial Area
0145-2695202/2695165

संख्या: ई-10397/ई-11/1/2024/अजम-आईबीएम-आरओ-अजम अजमेर, दिनांक /07/2026

सेवामें,

राजभाषा अधिकारी,
भारतीय खान ब्यूरो
इन्दिरा भवन, सिविल लाईन्स
नागपुर – 440001

विषय: राजभाषा हिंदी की एक दिवसीय त्रैमासिक(अप्रैल,2026-जून,2026) कार्यशाला के आयोजन की रिपोर्ट के प्रेषण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं प्रायोगिक संयंत्र द्वारा संयुक्त रूप से प्रथम तिमाही (अप्रैल,2026-जून,2026) की एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला आयोजन की विस्तृत रिपोर्ट मय फोटो ग्राफ आपकी सूचना एवं अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्न:यथोपरि

भवदीय

Digitally signed by
Chandresh Bohra
Date: 08-07-2026
14:35:16

(चन्द्रेश बोहरा)
क्षेत्रीय खान नियंत्रक
भारतीय खान ब्यूरो

प्रतिलिपि : आपके सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित-

01. खान नियंत्रक (उत्तर), भारतीय खान ब्यूरो, उदयपुर ।
02. प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय खनिज प्रंस्करण प्रयोगशाला एंव प्रायोगिक संयत्र, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर।
03. नगर राजभाषा कार्यावयन समिति, अजमेर।

# क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं प्रायोगिक संयंत्र, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर की संयुक्त रूप से दिनांक 16/06/2026 को आयोजित एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला के आयोजन की रिपोर्ट

-----------------------------------------------------------------------------------

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी में कार्य करने में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं आयोजित करने के संदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में वर्ष में चार कार्यशालाएं करनी हैं यथा प्रत्येक तीन माह में एक कार्यशाला आयोजित करनी है।

मुख्यालय के पत्रांक संख्या जी-20011/1/20266-बी.जी.टी.-आईबीएम-एचक्यू(ई 16885), दिनांक 16/04/2026 के अनुसरण में भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय खनिज प्रसंस करण प्रयोगशाला एवं प्रायोगिक संयत्र द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही की एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 जून, 2026 को किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ में दोनो कार्यालय के सभी गणमान्य अधिकारी एवं कर्मचारी प्रथम तल के सभा भवन में उपस्थित थे। इस दौरान इस दौरान श्री चन्द्रेश बोहरा, कार्यालय अध्यक्ष व क्षेत्रीय खान नियंत्रक, श्री होम प्रकाश, अयस्क प्रसाधन अधिकारी व कार्यालय प्रभारी, क्षेत्रीय खनिज प्रंस्करण प्रयोगशाला, श्री दिलीप जैन, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी व हिंदी सम्पर्क अधिकारी एवं कार्यशाला में व्याख्यान के लिए आमंत्रित डॉ. जगदीश प्रसाद कुमावत, चिकित्सा अधिकारी मंचासीन रहे।

कार्यशाला के आरम्भ में अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री चन्द्रेश बोहरा, क्षेत्रीय खान नियंत्रक ने कार्यशाला में व्याख्यान हेतु आमंत्रित अतिथि डॉ. जगदीश प्रसाद कुमावत, चिकित्सा अधिकारी का सादर अभिनंदन किया व उनके व्याख्यान विषय की जानकारी देते हुए उम्मीद जतायी की यह कार्यशाला भारत सरकार के टी.बी मुक्त भारत अभियान में योगदान के रूप में सभी के किए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

इसके पश्चात, श्री होम प्रकाश, अयस्क प्रसाधन अधिकारी ने अपने उदबोधन में हिंदी कार्यशाला के महत्व को बताया व उम्मीद जतायी कि इसमे सहभागी अपनी उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ इसका लाभ उठायेंगे व इससे प्राप्त ज्ञान का समुचित रूप से उपयोग कर कार्यशाला के उद्देश्य को पूर्ण करेंगे।


श्री दिलीप जैन, हिंदी संपर्क अधिकारी ने एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का निरंतर आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बात को सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसके माध्यम से कार्यालयीन कार्य में हिंदी भाषा के सहज प्रयोग को बढाया जा सके। उन्होनें इस कार्यशाला के आयोजन की रूप रेखा की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बहुला वर्मा, सहायक अनुसंधान अधिकारी, क्षे.ख.प्रस.प्रयो. द्वारा किया गया।




कार्यक्रम के प्रथम सत्र का व्याख्यान डॉ. जगदीश प्रसाद कुमावत, चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने टी.बी. के प्रसार, कारक, लक्षणों के बारे में जागरूक किया व भारत सरकार द्वारा आयोजित टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की।




कार्यशाला के द्वितीय सत्र में डॉ. बहुला वर्मा, सहायक अनुसंधान अधिकारी द्वारा 'कुशल खनिज संवर्धन का आधारस्तम्भ: प्रक्रिया खनिज विज्ञान' पर व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होनें कार्यालय में प्रोसेसिंग मिनरोलॉजी की भूमिका व महत्व के बारे में बताते हुए इसकी क्रियाविधि, तकनिकी प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया

तत्पश्चात श्री अनवर अहमद, निजी सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा इसी के साथ एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला के समापन की घोषणा की गई ।

क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्रीय खनिज प्रंसस्करण प्रयोगशाला एंव प्रायोगिक संयत्र, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर के निम्न कार्मिकों को दिनांक 16 जून, 2026 को आयोजित एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला में प्रशिक्षित किया गया -

| क्रम संख्या | नाम एवं पदनाम | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री पी. सुधीर कुमार रेड्डी, सहायक खान नियंत्रक | क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर |
| 2. | श्री संघर्ष मनोहर बागड़े, सहायक खान नियंत्रक | |
| 3. | श्री पुष्कर कुलकर्णी, सहायक खनन अभियंता | |
| 4. | श्री मनीष कुमार मेघवाल, सहायक खनन अभियंता | |
| 5. | श्री हर्षित गुप्ता, एम टी एस | |
| | | |
| 1. | डॉ. आदिमूलम गंगा महेश, रसायनज्ञ | क्षेत्रीय खनिज प्रंसस्करण प्रयोगशाला एवं प्रायोगिक संयंत्र |
| 2. | श्री कृष्णा कुमार साव, सहायक अनुसंधान अधिकारी | |
| 3. | श्री अविनाश धवन, वरिष्ठ प्रयोगशाला परिचर | |
| 4. | श्री राहुल कुमार, यांत्रिक पर्यवेक्षक | |
| 5. | श्री लखन सिंह रावत, प्रयोगशाला परिचर | |
| 6. | श्री विनोद बिस्ट, प्रयोगशाला परिचर | |
| 7. | श्री रणजीत सिंह राजपूत, एम टी एस | |